# DSSSB PRT, TGT & PGT

Part(A+B)

## SCHOLAR BATCH

# हिन्दी

# सर्वनाम

02



LIVE 22-03-2024 09:00 AM

**3. निश्चयवाचक सर्वनाम -** जिन शब्दों के माध्यम से वक्ता के निकट अथवा दूर के किसी निश्चित व्यक्ति व वस्तु का बोध होता है। वह निश्चयवाचक सर्वनाम कहलाते हैं। इसे संकेतवाचक सर्वनाम भी कहते हैं।

- यह मेरी उपयोगी वस्तु है। यह मेरा कुत्ता है।
- वह वहाँ खेल रहा है। वह मुझे प्रेम करता है।
- वह मेरी पुस्तक है।
- ये मेरे हथियार है।
- वह उनकी मेज है।
- वे तुम्हारे आदमी है।

**4. अनिश्चयवाचक सर्वनाम -** जिस सर्वनाम से किसी निश्चित वस्तु का बोध न हो उसे अनिश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं।

कोई
कुछ
बहुत

- कोई आ रहा है।
- कोई रो रहा है।
- कुछ दे दीजिए।
- पानी कुछ नमका है।
- खाने में कुछ कमी है।
- दूध में कुछ पड़ा है।
- दरवाजे पर कोई खड़ा है।
- तुम कुछ लाये हो।

वहाँ कोई तो था।

**5. संबंधवाचक सर्वनाम -** जिस सर्वनाम से दो भिन्न बातों के सम्बन्ध का बोध हो उसे सम्बन्ध वाचक सर्वनाम कहते है। अथवा

जो प्रधान वाक्यों से आश्रित वाक्य का सम्बन्ध जोड़ते है।

- जो करेगा, सो भरेगा।
- जो कर्म करेगा फल उसी को मिलेगा।
- जैसा तुम करोगे, वैसा मैं करूँगा।
- जिसकी लाठी उसकी भैंस।
- जो बोओगे सो काटोगे।
- जो आया है, सो जायेगा यह ध्रुव सत्य है।

तुमने जो कार मांगी थी, यह वही कार है।

**6. प्रश्नवाचक सर्वनाम -** जिस सर्वनाम शब्दों द्वारा किसी व्यक्ति, वस्तु या व्यापार, घटना के बारें में प्रश्न का बोध हो उसे प्रश्नवाचक सर्वनाम कहते है।

- बाहर देखो कौन आया है?
- भैया, तुम्हे क्या चाहिए?
- कौन शोर कर रहा है?
- तुम कब जाओगे?
- मास्टरजी का क्या नाम है?
- किसे घर भेजूँ, समझ में नहीं आ रहा?

क्या राम पास हो गया?

कानपुर से क्या लाना है?

विद्यालय में कौन जा रहा है?

9am